प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 15.07.2026 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- राजस्थान विधानसभा के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आज से अमृत महोत्सव की शुरूआत–उद्घाटन सत्र में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला भाग लेंगे।
- प्रदेश में गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की प्रसव पूर्व जांच के लिए आज से विशेष अभियान।
- भूमि पर प्राकृतिक गैस उत्पादन में राजस्थान देशभर में दूसरे और कच्चे तेल के उत्पादन में तीसरे स्थान पर।
- गिव अप अभियान के माध्यम से प्रदेशभर में 99 लाख जरूरतमंद लोगों को खाद्य सुरक्षा योजना से जोड़ा गया।

00000

राजस्थान विधानसभा के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में आज से अमृत महोत्सव शुरू हो रहा है। विधानसभा परिसर में होने वाले उद्घाटन समारोह में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला शामिल होंगे। राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी मौजूद रहेंगे। वहीं उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन का समापन सत्र में शिरकत का कार्यक्रम है। इस दौरान राज्य के लोकतांत्रिक विकास, ऐतिहासिक कानूनों, संसदीय परम्पराओं और डिजिटल विधानसभा के भविष्य पर मंथन होगा। वहीं वर्तमान और पूर्व विधायकों का समागम रहेगा। अमृत उत्सव के तहत सालभर तक विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसका समापन अगले साल राजस्थान स्थापना दिवस पर होगा। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बताया कि समारोह में छह और उससे अधिक बार रहे पूर्व विधायकों का सम्मान भी किया जाएगा।

0000

प्रदेश में सभी गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य मानकों की सघन स्क्रीनिंग के लिए आज से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। 5 दिन तक चलने वाले इस अभियान में गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व स्वास्थ्य जांच की जाएगी। चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने जयपुर में बैठक कर वीसी के माध्यम से सभी चिकित्सा अधिकारियों को इस बारे में निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आशा वर्कर, एएनएम और सीएचओ के जरिये स्क्रीनिंग का ये काम करवाया जाएगा। श्रीमती राठौड़ ने प्रत्येक गर्भवती महिला की चार गुणवत्तापूर्ण ए.एन.सी. जांच अनिवार्य रूप से कराने की बात कही। उन्होंने कहा कि ज्यादा जोखिम वाली गर्भावस्था के लिए अलग से ट्रेकिंग सिस्टम बनाया जाएगा।

0000

केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा है कि बीमित कामगारों और उनके परिवारों तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच मजबूत करना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने हैदराबाद से वर्चुअल कार्यक्रम के माध्यम से राजस्थान सहित देशभर में कर्मचारी राज्य बीमा निगम की सात स्वास्थ्य परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इसके तहत कोटा और भवानीमंडी में ईएसआई औषधालय और शाखा कार्यालय शुरू किए गए हैं। कोटा और भवानीमंडी में आयोजित कार्यक्रमों में कर्मचारी राज्य बीमा निगम के वरिष्ठ अधिकारियों, उद्योग प्रतिनिधियों और जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। वेस्ट जोन के बीमा आयुक्त रामजीलाल मीना ने बताया कि इन केंद्रों से औद्योगिक क्षेत्रों के बीमित श्रमिकों और उनके आश्रितों को चिकित्सा तथा ईएसआई की प्रशासनिक सेवाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होंगी।

○○○○

विश्व युवा कौशल दिवस पर आज प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। करौली में युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार और उद्यमिता से जोड़ने के लिए आईटीआई तथा कौशल विकास संस्थानों में प्रशिक्षण, करियर मार्गदर्शन और प्रेरक व्याख्यान आयोजित किए जायेंगे। सवाईमाधोपुर में

युवाओं को स्वरोजगार से जोडने के लिए औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान और कौशल विकास संस्थानों में विभिन्न गतिविधियां रखी गई है। पाली से हमारे संवाददाता ने बताया कि वहां युवाओं ने कौशल का प्रदर्शन करते हुए एआई, ड्रोन, सोलर ऊर्जा, इलेक्ट्रिक वाहन और ग्रीन टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में कई नवाचार किए है। इनमें पर्यावरण अनुकूल चलित आवास और पुरानी पुस्तकों के डिजिटाइजेशन के लिए सॉफ्टवेयर तैयार किया है।

000

भूमि पर प्राकृतिक गैस उत्पादन में राजस्थान देशभर में दूसरे और कच्चे तेल के उत्पादन में तीसरे स्थान पर है। माईन्स और पेट्रोलियम विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव अपर्णा अरोडा ने कल जयपुर में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य में कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस के चार बेसिन है। इनमें जैसलमेर, बाड़मेर–सांचौर, बीकानेर–नागौर और विंध्यन बेसिन शामिल है। इनमें से तीन में तेल की खोज और दोहन का काम हो रहा है। श्रीमती अरोड़ा ने कच्चे तेल और गैस का एक्सप्लोरेशन और दोहन कर रही संस्थाओं के वरिष्ठ अधिकारियों को उत्पादन बढ़ाने के लिए नवीनतम तकनीक का उपयोग करने को कहा। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि राजस्थान में उत्पादित कच्चे तेल का राज्य की रिफाइनरी में ही परिशोधन हो ताकि प्रदेश के आर्थिक विकास में योगदान दिया जा सके।

0000

वीबी जी राम जी योजना के तहत श्रम नियोजन में राजस्थान देशभर में पहले स्थान पर पहुंच गया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर में आयोजित योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक में यह जानकारी दी। श्री शर्मा ने अधिकारियों को सभी विभागों को मिलकर ग्रामीण विकास का ब्लूप्रिंट तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने योजना के तहत ग्रामीण आधारभूत ढांचे को मजबूत करने वाले स्थायी और गुणवत्तापूर्ण कामों को प्राथमिकता देने को कहा। इससे पहले मुख्यमंत्री ने पशु रोग नियंत्रण को लेकर आयोजित उच्चस्तरीय बैठक की समीक्षा की।

00000

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने कहा है कि प्रदेश में चलाए गए गिव अप अभियान से 99 लाख पात्र जरूरतमंद लोगों को खाद्य सुरक्षा का लाभ मिला है। वे कल बीकानेर जिले के कोलायत में आयोजित लाभार्थी सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत 67 लाख अपात्र लोगों ने स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा का लाभ छोड़ा, जबकि 27 लाख लोगों ने ई–केवाईसी नहीं करवाई। इससे पात्र परिवारों को योजना से जोड़ा जा सका। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि कोई भी पात्र व्यक्ति खाद्य सुरक्षा से वंचित नहीं रहे। इस अवसर पर मंत्री ने लाभार्थियों को खाद्य सुरक्षा प्रमाण–पत्र वितरित किए और अधिकारियों को पात्र लोगों को अभियान के माध्यम से योजना से जोड़ने के निर्देश दिए।

00000

भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण– ट्राई ने राजस्थान में मुनाबाव से तनोट राष्ट्रीय राजमार्ग पर मोबाइल नेटवर्क सेवाओं की गुणवत्ता आकलन रिपोर्ट जारी की है। पिछले महीने 311 किलोमीटर लंबे इस मार्ग पर किए गए ड्राइव टेस्ट में मोबाइल कवरेज, कॉल की गुणवत्ता, कॉल ड्रॉप और इंटरनेट की गति का परीक्षण किया गया।

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 26 जुलाई को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 136वीं कड़ी होगी। इसके लिए श्रोता अपने सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेज सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं। ये सुझाव 24 जुलाई तक स्वीकार किए जाएंगे।

000